# पिछले 24 घंटे में 48 मिमी बारिश, पानी-पानी हुआ शहर

## दिन-रात का पारा गिरने से उमस भरी गर्मी से मिली राहत





नवभारत न्यूज

**सतना 30 जून. जिस मानसून का बेसब्री से इंतजार हो रहा है वह विंध्य में दस्तक देते हुए सीधी जिले तक पहुंच चुका है,और अगले 1-2 दिन में उसके सतना-मैहर तक पहुंचने की संभावना बनी हुई है. वहीं पिछले 24 घंटे में शहर में 45.5 मिमी बारिश हो जाने के कारण सप्ताह भर से जारी भीषण उमस और गर्मी से लोगों को राहत मिलती नजर आई. लेकिन बारिश का साइड इफेक्ट शहर में जगह-जगह जल भराव की स्थितियों के तौर पर भी देखने को मिला.**

मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार से लेकर मंगलवार की शाम तक शहर में कुल 47.5 मिमी बारिश दर्ज कर ली गई. जिसका नतीजा यह रहा कि मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री पर पहुंच गया. इस लिहाज से अधिकतम तापमान ममें न सिर्फ पिछले 24 घंटे में 6.2 डिग्री की उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई बल्कि यह सामान्य की तुलना में भी 2.2 डिग्री नीचे आ गया. इसी कड़ी ममें रात का न्यूनतम तापामन 26 डिग्री पर पहुंच जाने के कारण इसमें 24 घंटे के भीतर 4.7 डिग्री कमी होने के साथ-साथ यह सामान्य की तुलना में आधा डिग्री कम आंका गया. मंगलवार को दोपहर बाद शुरु हुई बारिश का दौर रुक रुक कर शाम ढलने तक जारी रहा. जिसकी वजह से शाम होने पर हवा में नमी 98 प्रतिशत तक पहुंच गई. मौसम विभाग के अनुसार मानूसन अपनी गति से आगे बढ़ता हुआ विंध्य के सीधी जिले तक पहुंच चुका है. परिस्थितियां अनु कूल बनी रहने पर अगले 1-2 दिन में यह सतना-मैहर पर भी छा सकता है. मानसून की आहट को देखते हुए एक ओर जहां लोगों को भीषण उमस और गर्मी से राहत की उम्मीद जगने लगी है. वहीं दूसरी ओर धान और सोयाबीन की बोनी को लेकर किसान भी उत्साहित नजर आने लगे हैं.

### जगह-जगह हुआ जल भराव

वैसे तो पिछले महीने भर से शहर के सभी नाले-नालियों की सफाई युद्ध स्तर से किए जाने का दावा नगर निगम के स्वास्थ शाखा अमले द्वारा किया जा रहा था. लेकिन मंगलवार को शहर में जगह-जगह हुए जल भराव ने इन तमाम दावों की पोल खोलकर रख दी. अस्पताल रोड से लेकर अस्पताल परिसर, सकिट हाउस से सटे क्षेत्र, बस स्टैण्ड, रीवा रोड, सिद्धार्थ नगर, खेरमाई रोड, बिहारी चौक, लालता चौक से लेकर अंडर ब्रिज तक के क्षेत्र में जगह-जगह जल भराव की समस्या देखने को मिली. जल भराव के चलते एक ओर जहां नगरवासियों की मुसीबतें काफी बढ़ गईं. वहीं दूसरी ओर पानी भरे गड्ढे में फंसकर नजीराबाद और बस स्टैण्ड में 1-1 ई-रिक्शा पलट गए. इसके साथ ही सकिट हाउस से ननि रोड पर गड्ढे में एक कार भी फंस गई.

### अंडरपास में फंसी स्कूल बस



स्कूली बच्चों को वापस घर छोड़ने के लिए जा रही क्रिस्तुकुला हासे स्कूल की एक बस बिरला फैक्ट्री के निकट स्थित एक अंडरपास में फंस गई. दरअसल बारिश होने के कारण अंडरपास में पानी भर गया था. चालक द्वारा पानी भरे उक्त अंडरपास से बस को निकाला जा रहा था कि अचानक बस का इंजन बंद हो गया. यह देख स्बूल बस में सवार बच्चे काफी डर गए. लेकिन चालक और परिचालक ने हिम्मत कर स्कूली बच्चों को अपने कंधे पर लाद कर पानी से भरे अंडरपास से पार करा दिया. जिसके बाद बच्चों को उनके अभिभावकों को सौंप दिया गया.

# सलोनी शर्मा की जिला शिक्षा अधिकारी पद पर पदस्थापना

## शासन ने जारी किए आदेश, डीपीसी भी बदले





नवभारत न्यूज

**सतना, 30 जून. स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किए गए एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत अधिकारियों के तबादले किए गए हैं. शासन द्वारा जारी नवीन पदस्थापना आदेश के अनुसार, जिले के जिला शिक्षा अधिकारी की कमान अब सलोनी शर्मा को सौंपी गई है.**

इस आदेश से पहले विभागीय स्तर पर एक अन्य संशोधन भी किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, सिद्धांत बागड़े को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर वापस भेज दिया गया है. वे इससे पहले नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में विकास खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे और अब आदेश में बदलाव के बाद वे दोबारा वहीं अपनी सेवाएं देंगे।

जिले में जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने के बाद सलोनी शर्मा के सामने कई बड़ी चुनौतियां और जिम्मेदारियां होंगी. उनके नेतृत्व में जिले की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने का मुख्य लक्ष्य होगा.

इसके साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न विभागीय योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

शासन ने मंगलवार को ही आदेश जारी कर डीपीसी के पद पर डिंडौरी से दिवाकर तिवारी को सतना पदस्थ किया है. वर्तमान में डी.पी.सी के पद पर विष्णु त्रिपाठी पदस्थ थे. इसके पूर्व श्री तिवारी की पदस्थापना सतना जिले के सोहावल विकासखण्ड में बीआरसीसी पद पर थी.

# राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी की मुश्किलें बढ़ीं



नवभारत न्यूज

**सतना, 30 जून. नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी एक बार फिर मुश्बित में घिर गई हैं. अपर आयुक्त अजा विकास ने मंगलवार को उन्हें नोटिस जारी किया है और 6 जुलाई को मंत्रालय में राज्य स्तरीय अनुसूचित जाति छानबीन समिति के सामने मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं.**

उन्हें 1950 की स्थिति में जिला सतना मप्र के निवासी होने के साथ ही बागरी अनुसूचित जाति का सदस्य होना प्रमाणित करने संबंधी साक्ष्यों और अभिलेखों के साथ तय समय पर उपस्थित रहने कहा गया है. समिति के सामने राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी अपना पक्ष रखेंगी, यदि वे तर्कों और दस्तावेजों के आधार पर ये साबित नहीं कर सकीं कि वे अजा वर्ग से ही आती हैं , तो फिर उनकी मुश्बितें बढ़ सकती हैं, ऐसे में न सिर्फ विधायक बल्कि राज्यमंत्री का पद भी खतरे में आ सकता है, उन्हें इस्तीफा भी देना पड़ सकता है. प्रतिमा बागरी सतना जिले की रैगांव विधानसभा सीट से भाजपा विधायक हैं और वर्तमान में प्रदेश मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री का दायित्व निभा रहीं हैं. उनको लेकर विवाद तब शुरू हुआ, जब कांग्रेस के एससी विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने आरोप लगाया कि कि वे एससी वर्ग से नहीं आती हैं, बल्कि बागरी राजपूर या ठाकुर समुदाय से आते हैं. उनका तर्क है कि वर्ष 2003 में मप्र सरकार और वर्ष 2007 में केंद्र सरकार ने भी बुंदेलखंड, महाकौशल, विंध्य क्षेत्र के बागरी राजपूत को एससी का सर्टिफिकेट जारी नहीं करने के निर्देश जारी किए थे.

ऐसे में उन पर आरोप है कि वे फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर आरक्षित सीट से चुनाव लड़ी और फिर राज्य मंत्री बनीं. प्रदीप अहिरवार ने इस मामले को लेकर बीते 31 मार्च 2025 को शिकायत की और फिर इसे लेकर हाईकोर्ट में याचिका भी दायर कर दी. इस मामले में हाईकोर्ट ने बीते 25 अप्रैल को राज्य सरकार को निर्देश दिए थे कि 30 जून तक उच्च स्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट दें.

### तय समय-सीमा मंगलवार को समाप्त हो गई

हाईकोर्ट की डबल बैंच ने बाकायदा राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए एक साल से जांच लंबित होने पर सवाल उठाए थे. यह तय समय-सीमा मंगलवार को समाप्त हो गई, इस बीच अजा आयुक्त कार्यालय ने बुधवार को उच्च स्तरीय छानबीन समिति की बैठक करने और प्रतिमा बागरी को समिति के सामने तलब करने के निर्देश जरुर जारी कर दिए. यदि जांच समिति की रिपोर्ट में प्रतिमा बागरी का जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया तो फिर उन्हें मंत्रिमंडल से इस्तीफा तक देने की नौबत आ सकती है. इधर प्रदीप अहिरवार ने छानबीन समिति को जो दस्तावेज सौंपे हैं, उसके मुताबिक वर्ष 1961 की जातिगत जनगणना में सतना-पन्ना के बागरी समाज को एससी दर्जा नहीं दिया गया था. उनके मुताबिक मध्य भारत क्षेत्र के बागरी समुदाय को एससी माना गया था, लेकिन विंध्य- बुंदेलखंड के बागरी समुदाय को एससी की मान्यता नहीं दी गई थी.

# पिण्डरा के पास कार की टक्कर से 2 बाइक सवार की मौत





नवभारत न्यूज

**सतना 30 जून. सतना-चित्रकूट मार्ग पर मंगलवार की शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई. घटना कार और बाइक के बीच हुई टक्कर के कारण होना बताया गया. पुलिस द्वारा कार को जब्त कर चालक की तलाश की जा रही है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार पड़मनियां कोठार गांव के निवासी पंकज मवासी पिता सरजू उम्र 22 वर्ष और विष्णु मवासी पिता स्व. सुखकरण उम्र 21 वर्ष अपनी बाइक क्र. एमपी 35 एमएफ 2834 पर सवार होकर जा रहे थे. बताया गया कि जैसे ही उनकी बाइक बरौंधा पहुंची तो शराब दुकान के सामने से गुजर रही एक तेज रफ्तार कार क्र. एमपी 13 जेडयू 0327 के चालक ने जारदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक उछलकर कई फीट दूर जा गिरे. गंभीर चोट आने के कारण दोनों नीचे गिरकर बेसुध हो गए. इसी दौरान कार चालक वाहन को छोड़कर मौके से भाग निकला. घटना होती देख आस पास के लोगों ने डायल 112 को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को उपचार के लिए मझगवां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया.

### सीएचसी में ब्रॉट डेड घोषित

सीएचसी मझगवां में जांच करने पर चिकित्सक द्वारा उन्हें ब्रॉट डेड घोषित कर दिया गया. जिसके बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में भेज दिया गया. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया. मझगवां पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाकारित करने वाली कार को जब्त कर लिया गया और वाहन चालक की तलाश शुरु कर दी गई.

# वन स्टॉप से गायब बालिका हरिद्वार में मिली

नवभारत न्यूज

**सतना 30 जून. शहर के धवारी क्षेत्र में स्थित वन स्टॉप सेंटर सखी में रह रही 3 नाबालिग लड़कियों के गुम हो जाने की घटना 2 माह पहले सामने आई थी. इस मामले में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बालिका को उत्तराखण्ड के हरिद्वार से बरामद कर लिया.**

कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन स्टॉप सेंटर सखी से 3 लड़कियों के गुम हो जाने की शिकायत 27 अप्रैल को वहां की प्रशासक नीता श्रीवास्तव द्वारा की गई थी. जिसके आधार पर पुलिस ने धारा 137 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर लड़कियों की तलाश शुरु कर दी थी. इसके लिए न सिर्फ विशेष टीम गठित की गई बल्कि मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया. इसी कड़ी में साइबर सेल द्वारा भी सर्विलांस में ले लिया गया. हलांकि लगातार जारी प्रयास के बावजूद भी बालिका की जानकारी सामने नहीं आ पा रही थी. लेकिन इसके बावजूद भी तलाश जारी रखी गई. इसी दौरान साइबर सेल को इस बात की सटीक लोकेशन मिली कि एक बालिका देनेशो चौक, कृष्ण विहार रोड बेरामपुर हरिद्वार में मौजूद है. लिहाजा बिना देरी किए पुलिस टीम वहां पहुंच गई. स्थानीय पुलिस के सहयोग से उक्त बालिका को दस्तयाब कर लिया गया.

# प्रस्ताव निरस्त होने पर जनपद सदस्यों ने की सांसद से मुलाकात



नवभारत न्यूज

**सतना, 30 जून. रामपुर बाघेलान जनपद पंचायत अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू के खिलाफ कांग्रेस समर्थित अविश्वास प्रस्ताव एक बार फिर सफल नहीं हो सका। हस्ताक्षर सत्यापन की प्रक्रिया में आवश्यक संख्या में सदस्यों की उपस्थिति नहीं होने पर कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी ने प्रस्ताव को निरस्त कर दिया।**

पिछले एक वर्ष में यह दूसरा मौका है जब अध्यक्ष के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 22 जून 2026 को जनपद पंचायत के 10 निर्वाचित सदस्यों ने अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की सूचना कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत की थी। मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 तथा पंचायत नियम, 1994 के तहत सूचना की ग्राह्यता के लिए सदस्यों के हस्ताक्षरों का सत्यापन कराया गया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रामपुर बाघेलान द्वारा 29 जून को सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कराई गई। इस दौरान प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वाले 10 सदस्यों में से केवल सात उपस्थित रहे। कलेक्टर के आदेश के अनुसार, जनपद पंचायत रामपुर बाघेलान में कुल 25 निर्वाचित सदस्य हैं। नियमों के मुताबिक अविश्वास प्रस्ताव की सूचना पर कम से कम कुल निर्वाचित सदस्यों के एक-तिहाई सदस्यों के हस्ताक्षरों का सत्यापन आवश्यक था।

# न्यायाधीश ने किया केंद्रीय जेल का निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**सतना, 30 जून. मंगलवार को केन्द्रीय जेल सतना में श्रीमती रूपाली सिंह उइके, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुहम्मद जीलानी, जिला विधिक सहायता अधिकारी व रामनारायण त्रिपाठी कम्युनिटी पी0एल0व्ही0 सतना द्वारा निरीक्षण किया गया।**

न्यायाधीश द्वारा जेल में संचालित बंदी कानूनी सहायता केन्द्र, कल्याण शाखा का निरीक्षण किया गया व संधारित अभिलेखों का अवलोकन किया गया। इसी कड़ी में न्यायाधीश द्वारा जेल में परिरूद्ध विचाराधीन बंदियों से पैरवी हेतु नियुक्त अधिवक्ता व प्रकरण की स्थिति की जानकारी एवं दंडित बंदियों से उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय के समक्ष अपील की जानकारी ली गई। वहीं न्यायाधीश द्वारा विचाराधीन व दंडित बंदियों को अवगत कराया गया कि यदि प्रकरण की पैरवी हेतु अधिवक्ता नियुक्त करने व अपील करने में सक्षम नहीं है तो जेल में संचालित कानूनी सहायता केन्द्र के माध्यम से प्रकरण की पैरवी हेतु अधिवक्ता और उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय के समक्ष अपील दायर करा सकते हैं।

इस अवसर पर जेल उप अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक, अभिमन्यु पाण्डेय, सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती फिरोजा सिंह, सहायक जेल अधीक्षक, अनिल प्रताप सिंह व जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।



# महापौर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

नवभारत न्यूज

**सतना, 30 जून. नगर निगम सभागार में आयोजित जनसुनवाई में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने शहरवासियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।**

महापौर ने कहा कि जनसुनवाई नागरिकों की समस्याओं के समाधान का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसका उद्देश्य केवल शिकायतें प्राप्त करना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की अपेक्षाओं के अनुरूप उनकी समस्याओं का समयबद्ध एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कर नागरिकों को शीघ्र राहत प्रदान की जाए।

जनसुनवाई के दौरान पेयजल, स्वच्छता, सड़क, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# अमरनाथ यात्रियों के लिए पंजीयन काउंटर खोलने की मांग

नवभारत न्यूज

**सतना, 30 जून. विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर डॉ सरेश कुमार एस से मिलकर सतना से अमरनाथ यात्रा में जाने वाले तीर्थ यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रख कर पंजीयन काउंटर सतना में खोले जाने की मांग की है**

विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से मिलकर बताया की सतना से अमरनाथ जाने वाले तीर्थ यात्रियों के फिटनेस प्रमाण पत्र के लिए जिला अस्पताल के डॉक्टर बीके गौतम और एक अन्य डॉक्टर अधिकृत हैं मगर फिटनेस प्रमाण पत्र के बाद यात्रा में जाने के लिए जो आवेदन जमा करना होता है उसके लिए रीवा जाना पड़ता है रीवा में पंजाब नेशनल बैंक में वह काउंटर बनाया गया है जबकि सतना में यह व्यवस्था नहीं दी गई है सतना चित्रकूट मैहर और बिरसिंहपुर जैसे प्रमुख धार्मिक स्थान होने के नाते अपनी धार्मिक पहचान रखता है यहां के लोगों की धार्मिक गतिविधियों और धार्मिक अनुष्ठानों में रुझान ज्यादा रहता है जिससे यहां से यात्री भी ज्यादा जाते हैं इसलिए सतना से तीर्थ यात्रा में जाने वाली यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर सतना पंजाब नेशनल बैंक में इसके लिए काउंटर खोला जाना चाहिए।

### कलेक्टर ने दिया आश्वासन

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से सुना समझा और पत्राचार कार्य तत्काल व्यवस्था बनाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष विक्रम चौधरी विभाग मंत्री विपिन सिंह, रवींद्र सिंह, और आदर्श त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# महापौर ने विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

नवभारत न्यूज

**सतना, 30 जून. नगर निगम महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने मंगलवार को नगर निगम महापौर कक्ष में नगर निगम के अभियंताओं के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की।**

बैठक में शहर में संचालित विकास कार्यों की प्रगति, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, निर्धारित समय-सीमा तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएँ। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन एवं सम्मान समारोह



नवभारत न्यूज

**सतना 30 जून. जनपद पंचायत सोहावल की ग्राम पंचायत बेलहटा में मंगलवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बेलहटा के सरपंच अशोक सतनामी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह एवं जनपद पंचायत सोहावल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतिपाल बागरी सहित जनपद पंचायत का अमला, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। समारोह के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जल दूतों, स्व-सहायता समूह (एसएचजी) की सदस्यों, स्वयंसेवी संगठनों तथा विभिन्न हितग्राहियों को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई। वक्ताओं ने जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के संवर्धन को जनभागीदारी से जोड़ने पर बल देते हुए कहा कि ऐसे अभियान जल सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया तथा सभी उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया गया।

## एक नजर में



### सांसद ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**सतना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सतना सांसद गणेश सिंह ने मंगलवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर जिले के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। सांसद ने मुख्यमंत्री से कहा कि इस निर्णय पर पुनर्विचार कर सतना के हिस्से की ई-बसें वापस जिले को उपलब्ध कराई जाएं।

### रोटरी का वृहद रक्तदान शिविर आज

**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब सतना द्वारा आज से नए सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर 1 जुलाई दिन बुधवार को बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल सतना में किया जा रहा है। पब्लिक इमेज चेयरमैन हरिओम गुप्ता ने बताया कि सुबह 9:00 से जिला अस्पताल में रोटेरियन, रोट्रेक्ट, इनर व्हील,इनर व्हील उद्गम के सदस्यों द्वारा काफी संख्या में रक्तदान किया जाएगा।



### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने ज्ञापन सौंपा

**सतना.** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन आह्वान पर सभी जिलों में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाने के निर्देश पर सतना में भी 6 सूत्री ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया. ज्ञापन को अनुविभागीय दंडाधिकारी सतना द्वारा ग्रहण किया. ज्ञापन सौंपे जाने में जिलाध्यक्ष श्रीश पाण्डेय महामंत्री गिरीश गर्ग उपाध्यक्ष राज किशोर पांडे। अशोक गोस्वामी अनूप श्रीवास्तव ओम प्रकाश जायसवाल सरंक्षक साधो प्रसाद जी,मझगवां अध्यक्ष रामजी पांडे मथुरा द्विवेदी सचिव राजेंद्र पांडेय आदि उपस्थित रहे